प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

महाशिवरात्रि

आज महाशिवरात्रि का पर्व है। महाशिवरात्रि को लेकर प्रदेश में भारी उत्साह देखा जा रहा है और शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। शिमला सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर शिव मंदिरों में भजन–कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शिमला के मिडल बाज़ार स्थित शिवालय में भक्तों ने भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कीं।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभमानाएं दी हैं।

.......................................................

मंडी–शिवरात्रि

इस बीच, मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल 27 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।, जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

.......................................................

शिवा प्रोजेक्ट

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिमला में इस परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कार्यों में देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सात ज़िलों में एक हजार दो सौ 92 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी शिवा परियोजना चलाई जा रही है और इसका उद्देश्य अमरूद, संतरा, लीची व प्लम जैसे फलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसान परिवारों को लाभान्वित करना है।

.......................................................

महाकुम्भ

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ का आज महाशिवरात्रि पर समापन हो रहा है। इस महाकुंभ का यह अन्तिम स्नान है। इस अवसर पर देशभर के श्रद्धालु आज सुबह से ही त्रिवेणी संगम और अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं। महाकुम्भ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक तीर्थयात्री डुबकी लगा चुके हैं। महाशिवरात्रि का कुम्भ के संदर्भ में महत्व और अधिक बढ़ गया है।

---

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जनजातीय ज़िलों सहित राज्यों की ऊंची चोटियों पर बीती रात से हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिला की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। जिसके चलते तापमान में 5 से 11 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। इस सीजन के दौरान प्रदेश में सामान्य से लगभग 69 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 28 फरवरी तक प्रदेश में भारी बारिश बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

---